# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216
E-Mail Id-eecdjnsonebhadra@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473941817

पत्रांक 1116 / W-16 / 111 दिनांक– 10-06-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 09 जून 2026 को प्रकाशित शीर्षक "डीएम के निर्देश के बावजूद अमवार पेयजल परियोजना अधूरी" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 09 जून 2026 को प्रकाशित शीर्षक "डीएम के निर्देश के बावजूद अमवार पेयजल परियोजना अधूरी" के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र विकास खण्ड दुद्धी में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत अमवार ग्राम समह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्यदायी फर्म मेंसर्स एल0एण्डटी0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना का रॉ–वाटर कनहर बांध से लिया जाना है। योजना को माह अगस्त 2025 को रॉ–वाटर प्राप्त हुआ है। वर्तमान में योजना पर प्रस्तावित ग्रामों के सापेक्ष 11 ग्रामों में टेस्टिंग एवं कमिशनिंग के उपरान्त जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। शेष ग्रामों में पाइप लाइन टेस्टिंग का कार्य एवं गैप्स क्लोजिंग एवं तत् सम्बन्धी अन्य कार्य कराये जा रहे है। योजना पर पाइप लाइन टेस्टिंग का कार्य माह अगस्त 2026 तक पूर्ण कराते हुये प्रस्तावित समस्त ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना सम्भावित है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता

# डीएम के निर्देश के बावजूद अमवार पेयजल परियोजना अधूरी

Jun 09, 2026 05:50 pm IST
**Newswrap** **हिन्दुस्तान**, सोनभद्र

Preferred

दुद्धी में जल जीवन मिशन के तहत अमवार पेयजल समूह योजना की प्रगति सुस्त हो गई है। 15 गांवों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य समय सीमा के भीतर पूरा नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि आधे से कम परिवारों को कनेक्शन मिला है, जिससे पानी की गंभीर कमी हो रही है। प्रशासन से कार्रवाई की मांग की गई है।

Story continues below advertisement



दुद्धी, हिंदुस्तान संवाद। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत संचालित अमवार पेयजल समूह योजना में कार्यों की धीमी प्रगति एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। जिलाधिकारी के माध्यम से लगभग तीन सप्ताह के भीतर क्षेत्र के 15 गांवों में घर-घर नल कनेक्शन उपलब्ध कराकर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी योजना का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना के तहत अब तक आधे से भी कम परिवारों को नल कनेक्शन मिल पाया है, जबकि हजारों परिवार आज भी शुद्ध पेयजल की सुविधा से वंचित हैं।

Story continues below advertisement

भीतर सभी पात्र परिवारों तक पेयजल पहुंचाया जाए। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई थी कि कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कंपनी एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में योजना का कार्य कर रही एलएंडटी पर अब लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय सीमा के बावजूद लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज है कि क्या प्रशासन अपने निर्देशों को अमलीजामा पहनाएगा या फिर मामला केवल कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रह जाएगा। राजा जगत नारायण, रमेश, दीवान सिंह, हरेंद्र, राजेंद्र, चीता, समुद्री, लाजवंती, कलपतिया आदि ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट और अधिक गंभीर हो जाता है। ऐसे में जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजना का समय पर पूरा न होना लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से योजना की वास्तविक प्रगति की जांच कराते हुए शीघ्र जलापूर्ति सुनिश्चित कराने तथा लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। अब क्षेत्रवासियों की नजर जिला प्रशासन पर टिकी हुई है। देखना यह होगा कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में देरी को लेकर कार्यदायी संस्था और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई होती है या नहीं, अथवा यह मामला भी अन्य अधूरी परियोजनाओं की तरह केवल आश्वासनों तक सीमित रह जाता है।

## कृपया अपने अनुभव को रेट करें

लेखक के बारे में
**Hindustan**
हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने की है।
...और पढ़ें

Sonbhadra Latest News Sonbhadra N

लेटेस्ट **Hindi News**, **बॉलीवुड न्यूज़**, **बिजनेस न्यूज़**, **टेक**, **ऑटो**, **करियर**, और

**You May Like**